# तेरी कृपा से मेरा परिवार पल रहा है भजन लिरिक्स

तेरी कृपा से मेरा,
परिवार पल रहा है,
जब से संभाला आपने,
व्यापार चल रहा है।bd।

[तर्ज – दुनिया ने दिल दुखाया।]

---

गद्दी पे तुम हो बैठे,
बनकर के मेरे मालिक,
चाकर है हम तुम्हारे,
तुम हो हमारे पालक,
तेरी ही रहमतों से,
सबकुछ बदल रहा है,
तेरीं कृपा से मेरा,
परिवार पल रहा है।bd।

---

मुझको ना कोई चिंता,
ना ही कोई फिकर है,
नुकसान और नफे का,
मुझको ना कोई डर है,
सेवक प्रभुजी आपका,
अब मौज कर रहा है,
तेरीं कृपा से मेरा,
परिवार पल रहा है।bd।

---

फैले ना हाथ मेरा,
बाबा किसी के आगे,
जो कुछ भी माँगना हो,
बस आपसे ही मांगे,
जो कुछ भी माँगा आपसे,
अब तक वो मिल रहा है,
तेरीं कृपा से मेरा,
परिवार पल रहा है।bd।

---

जैसे प्रभु जी चाहो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

वैसे मैं चलता जाऊं,
तेरी नेक की कमाई,
नेकी में ही लगाऊं,
देखे जमाना 'रोमी',
तेरी राह चल रहा है,
तेरीं कृपा से मेरा,
परिवार पल रहा है।**bd।**

---

तेरी कृपा से मेरा,
परिवार पल रहा है,
जब से संभाला आपने,
व्यापार चल रहा है।**bd।**

**Singer – Toshi Kaur**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com